<u>पत्र सूचना शाखा</u>

<u>सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0</u>

राज्यपाल ने दरगाह देवां शरीफ जाकर चादरपोशी की
इंसानों के बीच नफरत की कोई जगह नहीं होनी चाहिए - राज्यपाल

लखनऊः 4 नवम्बर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज देवां शरीफ में हाजी वारिस अली शाह की दरगाह पर चादरपोशी की। राज्यपाल ने अपनी तथा प्रदेश की जनता की ओर से देश एवं प्रदेश के विकास एवं सुख-शांति के लिए दुआएं की।

राज्यपाल ने चादरपोशी के बाद अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आपसी प्रेम एवं सौहाद्र से देश आगे बढेगा। हम मानव हैं इसलिए इंसानों के बीच नफरत की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। देवां शरीफ में सभी धर्मों के लोग श्रद्धा से आते हैं। सूफी संत सबको इकट्ठा करने का काम करते हैं। देवां शरीफ साम्प्रदायिक सौहाद्र का जीता जागता पैगाम है। उन्होंने कहा कि देवां की एकता का उदाहरण पूरे विश्व के लिए एक संदेश है।

श्री नाईक ने कहा कि देवां शरीफ यह तय करने का स्थान है कि हम सब एक परिवार हैं। यह देश सबका है। इंसानियत सबसे बड़ी बात है। देवां में लोग एकता का पैमाग लेने आते हैं। समाज में एकता बनाये रखें तथा एक-दूसरे का सम्मान करें, यही मर्म समझने का है। नफरत छोड़कर संयमित जीवन जीना चाहिए। उन्होंने कहा कि नफरत से किसी का समाधान नहीं हो सकता।

राज्यपाल ने कहा कि वे दूसरी बार देवां शरीफ आयें हैं। देवां शरीफ की विशेषता है कि यहां बार-बार आना होता है और बार-बार आने का अपना लाभ है। दरगाह पर आकर मन साफ होता है और मांगी गयी मन्नत भी पूरी होती है। उन्होंने कहा कि देवां में इतनी बड़ी संख्या में सभी धर्म एवं सम्प्रदाय के लोग आते हैं जो शांति पाना चाहते हैं। यह वास्तव में श्रद्धा का विषय है। उन्होंने कहा कि शांति के लिए मन की पवित्रता जरूरी है। राज्यपाल ने दोबारा आकर कव्वाली सुनने की इच्छा भी व्यक्त की।

वही राम है
ऑल इण्डिया मुस्लिम वारसी समाज, देवा शरीफ